।। प्रेस नोट ।।
पुलिस उपायुक्त जोधपुर, पश्चिम

@dcpwestjodhpr Dcp Jodhpur West 8764519202

दिनांकः— 24.05.2023

- **पुलिस थाना शास्त्रीनगर जोधपुर द्वारा जहरखुरानी की बड़ी वारदात का खुलासा ।**
- **3 किलो 100 ग्राम सोना चोरी के आरोपी दिल्ली व उतरप्रदेष से गिरफ्तार ।**
- **टीम द्वारा 10 दिन तक लगातार कैमरे व तकनीकी साधनों के आधार पर अज्ञात मुल्जिमान को नामजद कर 2000 किमी. तक पीछा कर उतरप्रदेष व दिल्ली से किया गिरफ्तार ।**
- **दो मुल्जिमान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो 741 ग्राम सोना बरामद।**

पुलिस आयुक्त महोदय श्रीमान् रविदत्त गौड़ एवं पुलिस उपायुक्त महोदय, जोधपुर पश्चिम श्री गौरव यादव द्वारा थाना हाजा की वारदात को गम्भीरता से लेते हुए उनके द्वारा प्रदत निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महोदय श्री हरफुलसिंह एवं एसीपी वृत पष्चिम श्री चक्रवर्तीसिह राठौड के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी शास्त्रीनगर श्री जोगेन्द्रसिह निपु. के नेतृत्व में वारदात को ट्रेस आउट करने बाबत प्राप्त निर्देषों की पालना मे पुलिस थाना शास्त्रीनगर जोधपुर से ओमप्रकाष सउनि, कैलाष राजपुरोहित कानि 1283 श्रवण कानि 3069, किरोडीलाल मीणा 1987 की टीम का गठन कर टीम को सीसीटीवी फुटेज देखने व अज्ञात मुलजिमान की तलाष हेतु जयपुर भेजा गया।

घटना का विवरण

दिनांक 10.5.2023 को प्रार्थी जितेन्द्र सोनी निवासी फलोदी जोधपुर ने उपस्थित थाना होकर एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि मेरी सोने चांदी दुकान का कार्य है महेन्द्रसिंह ओड करीब 2—3 साल से है जो मेरे लिये कार्य करता है तारीख 9.5.23 को जोधपुर से जयपुर जोहरी बाजार) गया वहा से मेरी दुकान का सोना 3100 ग्राम लेकर वापस जोधपुर के लिए बस से रवाना हुआ जो कल्पतरु शॉपिंग सेन्टर (रावण का चबुतरा) तारीख 10.5.23 को करीब 7 बजे के आसपास उतरा बीच रास्ते मे मेरे से बात हुई तब कहा कि आपकी दुकान का सोना लेकर आ रहा हु जोधपुर कल्पतरु शॉपिंग सेन्टर जैन ट्रेवलस से पहुंचा। मै महेन्द्रसिंह से मिला और सोना 3100 ग्राम मांगा तो कहा की मेरे पास सोना नही है पता नही कहा गायब हो गया। इस तरह महेन्द्रसिंह ने आमनत मे खयानत कर षडयत्र पुर्वक मेरा सोना किसी के मिली कर गायब कर दिया। वगैरा रिपोर्ट पर

प्रकरण संख्या 114 दिनांक 10.5.2023 धारा 420,406 भादस मे दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

वास्तविक घटनाक्रम

घटना की गम्भीरता को देखते हुए अप्रार्थी महेन्द्रसिह से पूछताछ व अनुसंधान किया गया तो महेन्द्रसिह ने बताया कि मै दिनांक 9.5.2023 को जोधपुर से जयपुर जौहरी बाजार से 3100 ग्राम सोना लेकर मै जोधपुर के लिये रवाना हुआ सिन्धी केम्प से मेरे साथ दो व्यक्ति जोधपुर चलने का कह कर टेक्सी मे साथ बैठे। उसके बाद मै जोधपुर जाने वाली बस की टिकट लेने लगा तो उन दोनो ने मुझे कहा कि हमे भी जोधपुर चलना है जिस पर हम तीनो ने मिलकर 1000 रूपये में डब्बल स्लीपर लिया तथा हम तीनो बस के डब्बल स्लीपर मे बैठ गये। वो लोग आपसी बातचीत मे अपने नाम अब्बास व राघव बता रहे थे, उन दोनो व्यक्तियो ने मुझे बस मे बिस्कीट खिलाया जिससे मुझे नींद आ गयी उसके बाद शायद उन्होने मुझे कोई नषीला पदार्थ सूंघाया जिससे मुझे गहरी नींद आ गयी। सुबह जोधपुर पहुचने पर बस के खलासी ने झिझोड कर मुझे जगाया ओर मैने चेक किया तो मेरे पास का 3100 ग्राम सोना गायब मिला।

कार्यवाही पुलिस :–

घटना की गम्भीरता को देखते हुए श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त वृत पष्चिम श्री चक्रवर्तीसिह राठौड व थानाधिकारी जोगेन्द्रसिह निपु द्वारा थाना शास्त्रीनगर से एक टीम जयपुर भेज कर महेन्द्रसिह के बताये अनुसार सिन्धी केम्प जयपुर से जैतारण तक के सीसीटीवी फुटेज चेक किये एवं सुराग के आधार पर जयपुर तक जाना पाया गया परन्तु आगे का पता नही चल पा रहा था। अतिरिक्त टीम भिजवायी गयी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए परम्परागत व आधुनिक पुलिसिंग का प्रयोग करते हुए जयपुर पुलिस के सहयोग से सन्दिग्धों के रहने के स्थान का पता कर उनके पते के आधार पर उनको ट्रेच किया गया टीम द्वारा बदायू उतरप्रदेष से रागिव अली पुत्र श्री युनिस अली जाति मुसलमान निवासी गांव हिण्डोर बदायुं उतरप्रदेष को दस्तयाब कर उसके कब्जे से 1 किलो 334 ग्राम सोना बरामद किया गया तथा दिल्ली से मुलजिम अब्बास पुत्र श्री केषर अब्बास जाति मुसलमान निवासी ई49/बी 55 जनता मजदूर कोलोनी गढ़ी मडु उत्तर पूर्वी दिल्ली को दस्तयाब कर उसके कब्जे से 1 किलो 407 ग्राम सोना बरामद किया गया। मुल्जिमान को जुर्म धारा 328,380/34 भादस में गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेष कर 7 योम पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया गया। मुल्जिमान से अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तारशुदा मुल्जिम :–

1. रागिव अली पुत्र श्री युनिस अली जाति मुसलमान उम्र 48 साल निवासी गांव हिण्डोर पीएस सहसवान बदायुं उतरप्रदेष
2. अब्बास पुत्र श्री केषर अब्बास जाति मुसलमान उम्र 40 साल निवासी ई49/बी 55 जनता मजदूर कोलोनी गढ़ी मडु पीएस वेलकम उत्तर पूर्वी दिल्ली

कार्यवाही में शामिल विषेष पुलिस टीम :–
(1) श्री ओमप्रकाष सउनि, थाना शास्त्रीनगर (विषेष योगदान)
(2) श्री कैलाष राजपुरोहित थाना सरदारपुरा (विषेष योगदान)
(3) श्री श्रवण कानि 3069 थाना शास्त्रीनगर (विषेष योगदान)
(4) श्री किरोडीलाल कानि 1987 थाना शास्त्रीनगर (विषेष योगदान)
(5) श्री सतवीरसिह कानि पुलिस थाना सिन्धी केम्प जयपुर

कार्यवाही में सहयोगी पुलिस टीम :–
(1) श्री तेजाराम हैडकानि पुलिस थाना शास्त्रीनगर
(2) श्री कमलेष हैडकानि पुलिस थाना शास्त्रीनगर
(3) श्री प्रेम चौधरी हैडकानि साईबर सैल जोधपुर पष्चिम
(4) श्री मजीद खान हैडकानि पुलिस थाना शास्त्रीनगर
(5) श्री पदमसिह कानि पुलिस थाना शास्त्रीनगर
(6) श्री निम्बाराम कानि पुलिस थाना शास्त्रीनगर

पुलिस उपायुक्त,
जिला जोधपुर पश्चिम।